मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 82, मुंबई, सोमवार, 20 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर







# पांचवें चरण का मतदान आज

## महाराष्ट्र की इन 13 लोकसभा सीटों पर जंगी मुकाबला



**मुंबई।** आम चुनाव के पांचवें चरण में मुंबई की छह लोकसभा सीट सहित महाराष्ट्र की 13 सीट के लिए मतदान सोमवार सुबह शुरू हो गया। यह राज्य में चुनाव का आखिरी चरण है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 24,553 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ, जो शाम छह बजे समाप्त होगा। मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर मध्य, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई दक्षिण, ठाणे, कल्याण, भिवंडी, पालघर, नासिक, डिंडोरी और धुले लोकसभा क्षेत्र से 264 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### ये नेता मैदान में

अधिकारी ने बताया कि कुल 2.46 करोड़ मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस चरण में भाग्य आजमा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भारती पवार और कपिल पाटिल शामिल हैं। इनके अलावा वकील उज्ज्वल निकम भी पार्टी की ओर से चुनाव मैदान में हैं। शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और कांग्रेस की मुंबई इकाई की प्रमुख वर्षा गायकवाड़ भी चुनाव मैदान में हैं।

### 2 लाख से ज्यादा लोग करेंगे वोट

अंतिम दौर में जिन 13 सीट पर मतदान हो रहा है, उनमें मुंबई, ठाणे और पालघर की 10 सीट आती हैं, जिसे मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। कुल 2,46,69,544 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें 1,31,38,526 पुरुष, 1,15,28,278 महिलाएं और 2,740 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।



# अबू सलेम को जान का खतरा!

## गैंगस्टर को सता रहा है एनकाउंटर का डर

**मुंबई।** किसी जमाने में डी कंपनी का वो सबसे बड़ा नाम हुआ करता था। दाऊद इब्राहिम के बाद डी कंपनी में उसके नाम की तूती बोला करती थी। मायानगरी मुंबई के बॉलीवुड की हफ्ता वसूली का सारा काम देखा करता था। मगर अब उसे अपने एनकाउंटर का डर सता रहा है। उसका नाम है गैंगस्टर अबू सलेम। कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम को लगता है कि एक जेल से दूसरे जेल ले जाने के बहाने उसे मार दिया जाएगा। उसे अपने एनकाउंटर का डर सता रहा है। अबू सलेम ने जेल से बाहर न जाने के लिए अदालत में याचिका दाखिल की है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

**सलेम को अंडा सेल में रखा गया :** आर्थर रोड जेल में अपने सहयोगी द्वारा हमला किए जाने के बाद डोसा को ठाणे जेल में बंद कर दिया गया था। लेकिन बाद में उसे फिर से तलोजा जेल में रखा गया। फिलहाल वह तलोजा जेल की अंडा सेल में रह रहा है। लेकिन अब तलोजा जेल प्रशासन ने अंडा सेल की मरम्मत के लिए अबू सलेम को दूसरी जेल में शिफ्ट करने का फैसला किया है।

# अजित पवार का रोना बेमानी है...

## बेटी-भतीजे में मैंने कभी फर्क नहीं समझा: शरद पवार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 2004 में सर्वाधिक विधायक होने के बावजूद एनसीपी ने मुख्यमंत्री पद पर अपना दावा छोड़ दिया था। उस सियासी घटना को लेकर अजित आज भी नाराज रहते हैं। शिरूर की चुनावी सभा में उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा था कि यदि मैं शरद पवार का बेटा होता तो मुझे मौका मिला होता। लेकिन साहब का बेटा नहीं होने के कारण मुझे मौका नहीं मिला, यह कौन सा न्याय है? अजित के आरोपों को शरद पवार ने निरर्थक रोना करार दिया है शरद पवार बोले- अजित पर का रोना बेमानी है, बेटी-भतीजे में मैंने कभी फर्क नहीं समझा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# चुनावी माहौल में गर्मी की मार

## सब्जियों के दाम ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई) में इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। चुनाव के गहमागहमी के बीच सब्जियों के दाम में आए उछाल से आम लोगों के किचन का बजट गड़बड़ाने लगा है, जिसकी ओर फिलहाल बहुत कम लोगों का ध्यान जा रहा है। भीषण गर्मी के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने कहा है कि बीते एक सप्ताह से टमाटर और हरी मिर्च की बढ़ रही कीमत में और उछाल आएगा। इसके साथ ही अन्य सब्जियों के भी दाम बढ़ने की संभावना दिख रही है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### 15-20 दिनों में आएगी गिरावट

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ महीने पहले मिर्च के दाम कम थे, जबकि टमाटर 15 से 20 रुपए प्रति किलो बिक रहा था। सब्जी व्यवसायी आगे बताते हैं कि यह भाव 15 से 20 दिन और रहेगा, उसके बाद खुद ब खुद सब्जियों के दामों में गिरावट आ जाएगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सब्जी मंडी में सब्जियों की आवक बढ़ जाएगी, जिसके बाद जिन सब्जियों के दामों में उछाल आया है, वह नियंत्रण में आ जाएंगे और लोगों को एकाएक बढ़ी महंगाई से राहत मिलेगी।

## हमारी बात

# नरेंद्र मोदी और गोबर भारत!

**यों** गाय, गोबर और गोमूत्र अपनी पहचान है। पांच हजार वर्ष पहले गाय की उपादेयता में पूर्वजों ने जो माना था वह अब कलियुगी रूप में है। गोबर में लक्ष्मी का वास और गोमूत्र में माता गंगा। इसलिए गोबर भारत, गोबर पट्टी, गोबर संस्कृति जैसे जुमलों पर हम-आपको नाक-भौं नहीं सिकोड़नी चाहिए। हम वैसे हैं तो हैं, यह स्वीकारना चाहिए। फिर पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी ने भारत का जो गोबरीकरण किया है वह भला विश्वगुरूता से कम है? और यह नोट करें कि चार जून को चाहे जो नतीजा आए, कोई प्रधानमंत्री बने, भारत उस गोबर पथ से मुक्त नहीं होगा, जिस पर वह 2014 से चला है। इसलिए 2014 में अवतरित दो चेहरों नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल की देन पर जरा सोचें। दोनों राष्ट्रवादी और भारत माता का जयकारा करते हुए। दोनों ने उम्मीदें पैदा कीं। भक्त बनाए। इनकी एक से बढ़ एक झांकी और लीलाएं। दोनों में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की होड़! एक दहला, दूसरा नहला। एक देश का प्रधानमंत्री, दूसरा दिल्ली का मुख्यमंत्री। एक बड़ा झूठ, दूसरा छोटा झूठ। एक राम भक्त, दूसरा हनुमान भक्त। एक घर का बेटा, भाई तो दूसरे का देश ही परिवार! कोई न माने इस बात को लेकिन सत्य है कि अन्ना हजारे के आंदोलन से नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल एक-दूसरे के फॉलोवर हैं। दोनों ने हिंदुओं के मूड-मिजाज में एक-दूसरे की नकल कर राजनीति की है। नतीजतन पूरा देश झूठमय। राजनीति से सत्य खत्म। चरित्र खत्म। नैतिकता खत्म। विचार, मूल्य, मयार्दा, प्रतिबद्धता, शिष्टाचार सब खत्म। और सत्यमेव जयते की जगह झूठमेव जयते देश का उद्घोष। राजनीति हर तरह से गोबर-कीचड़ से लथपथ। राजनीति लोगों को उल्लू बनाने, लोगों को बांटने तथा येन-केन-प्रकारेण सत्ता पाने की तिकड़म की कला में बदली। राजनीति ने अपना धर्म, मूल, मकसद और मूल्यवत्ता गंवा दी। न विचारधारा, न ईमान और न जनकल्याण। तभी मेरा मानना है चुनाव में मोदी जीतें या केजरीवाल या राहुल गांधी, भारत वापिस नेहरू से मनमोहन सिंह के समय के सच्चेपन में नहीं लौटेगा। मोदी और केजरीवाल ने भारत को जात-पांत, बांटो-राज करो, रेवड़ीवाद, झूठवाद, पाखंडवाद, निरंकुशवाद के उस अंधेरे कुएं में धकेला है, जिससे भारत को कोई भी बाहर नहीं निकाल सकेगा। राहुल गांधी भी नेहरू की वैज्ञानिक सोच वाली राजनीति नहीं कर सकते हैं। यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो राहुल वोट की चिंता में मोदी, केजरीवाल की तरह जिद्दी नेता जैसा टकाटक, खटाखट राजनीतिक व्यवहार करेंगे। संभव ही नहीं जो सत्ता में आने के बाद कांग्रेस में विचार-विमर्श की सामूहिकता में फैसला हो। आगा-पीछा सोचा जाए। राष्ट्र की राजनीति हो न कि जात और वोटों की। तभी मोदी और केजरीवाल का राजनीतिक-सत्ता मॉडल अब गोबर भारत का राष्ट्रमार्ग है। अखिलेश, तेजस्वी, ममता, जगन मोहन, स्टालिन आदि तमाम नेता और पार्टियां मोदी-केजरीवाल के पदचिन्हों पर चले हैं, चलेंगे। सबकी मजबूरी है जो वे जात-पात, फूट डालो-वोट पाओ, झूठ बोलो, रेवड़ियां बांटों से राजनीति साधे। सच्चाई और आदर्शों, विचारों, बड़े दिमाग, बड़ी बुद्धि, संघर्ष और जन जागरण की राजनीति कोई भला क्यों करेगा जब झूठ से, राशन-पानी बांटने से, सस्ते में सत्ता मिल जाए! दुनिया के किसी चुनाव में मैंने यह नहीं सुना कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री लोगों से यह कह कर वोट मांगे कि मेरी गारंटी पांच किलो फ्री अनाज।

# शिक्षा के क्षेत्र में शहडोल संभाग को सर्वश्रेष्ठ बनाएं: कमिश्नर

## शिक्षक हर एक बच्चे का भविष्य सवारें- कमिश्नर

**मुंबई हलचल/साजिद खान**

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शहडोल संभाग को हम सब मिलकर सर्वश्रेष्ठ बनाएंगे। उन्होंने कहा है कि इसके लिए शहडोल संभाग के सभी शिक्षक अपने शिक्षक धर्म का पालन करें। कमिश्नर ने कहा है कि अपने पास सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, स्कूलों में अच्छी सुविधाएं हैं, इसके बावजूद पालक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं की ओर देखता है। कमिश्नर ने कहा है कि हम सबको मिलकर इस मिथक को तोड़ना होगा, और शिक्षण संस्थानों को आनंद शालाएं बनाना होगा। उन्होंने कहा है कि शैक्षणिक संस्थानों में आनंद दायक वातावरण निर्मित होने पर बच्चे स्कूल आने के लिए स्वयं आकर्षित हो, इसके प्रयास करने होंगे। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद आज उमरिया जिले के कन्या शिक्षा परिसर में संभाग स्तरीय मोटिवेशनल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्मेष को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने कहा कि शिक्षक स्कूल में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बच्चों के पालकों से जीवंत संपर्क



स्थापित करें। बच्चों के पालकों को शिक्षा का महत्व बताएं, शिक्षा के प्रति पलकों को जागरूक करें। कमिश्नर ने कहा कि हम सबको मिलकर शहडोल संभाग के एक-एक बच्चे के भविष्य की चिंता करना है, अच्छे प्रयास कर बच्चों के भविष्य को गढ़ना है, इसके लिए सबको समन्वित प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि गांव के एक-एक बच्चे को स्कूल पहुंचा कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य को गढ़ने का प्रयास सभी शिक्षक करें।उन्होनें कहा कि शिक्षक पूरी लगन, मेहनत एवं पूर्ण आस्था के साथ बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का प्रयास करें। उन्होनें कहा कि कोई भी छात्र किसी से कम नहीं होता है, किसी भी बच्चे की समझने की झमता किसी से कम नहीं होती है। कोई बच्चा खेल, में अच्छा है, कोई साहित्य में, कोई योगा में, कोई वाद्य यंत्र बजाने में, कोई डॉक्टर या इंजीनियर बनने की इच्छा रखता है। शिक्षक छात्रों की रूचि को समझें और अभिरूचि अनुरूप छात्रों को आगे बढ़ानें का प्रयास करें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने शिक्षक को एक जौहरी की संज्ञा देते हुए कहा है कि शिक्षक एक जौहरी समान होता है जो बच्चों को हीरे की तरह तरास कर उसकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने इस दायित्व का निर्वहन जवाबदेही के साथ करें। कमिश्नर ने कहा कि पहले शिक्षकों का बहुत मान सम्मान था इस मान सम्मान को बनाए रखने के लिए शिक्षक निरंतर अच्छे कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें। उन्मेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर उमरिया श्री धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा की शिक्षक समाज को जागरूक करता है। शिक्षक छात्रों का पथ प्रदर्शक है, किंतु आज शिक्षकों को जागरूक करने की आवश्यकता पड़ रही है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय उन्मेष कार्यक्रम में शिक्षकों में जागरुकता आएगी। शिक्षक अपने दायित्वों को समझेंगे कलेक्टर ने कहा कि हम सभी का प्रयास यह होना चाहिए कि छात्रों को उनकी अभिरुचि के अनुरूप शिक्षा मिले। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ने वाला छात्र क्या बनना चाहता है इस पर शिक्षक ध्यान दें एवं उसी अनुसार बच्चों को शिक्षा मुहैया कराएं। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के लिए शिक्षक स्कूल का वातावरण सुखद और आनंद दायक बनाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह ने कहा है बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा गुणवत्तापूर्ण मिलना चाहिए। इसके लिए स्कूल का वातावरण सुखद होना चाहिए। शिक्षा के अलावा बच्चों में मानवीय गुण का विकास भी आवश्यक है। उन्मेष कार्यक्रम में लगभग 12 शिक्षकों ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया श्री अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर उमरिया श्री शिव गोविंद सिंह मरकाम भी उपस्थित रहे।

# कानपुर में बिजली को लेकर एनआरआई सिटी निवासियों में आक्रोश, बिल्डर के खिलाफ धरना

## बिल्डर का काम भी रुकवाया गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** बिजली की लगातार बरकरार समस्या के चलते इस जानलेवा भीषण गर्मी ने एनआरआई सिटी निवासियों को भी बहुत परेशान कर रखा है। आज रविवार को उनका यह गुस्सा फूड पड़ा और उन्होंने बिल्डर के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन भी किया। हो रही नारे बाजी के बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी उन्हें समझाने बुझाने का प्रयास किया जिस पर परेशान लोगों की ओर से चेतावनी दी गई कि अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वह इस आंदोलन को और तेज करेंगे। बिजली की समस्या से परेशान लोगों




ने बताया कि भीषण गर्मी में ट्रांसफॉर्मर खराब होने और जनरेटर का बैकअप न होने के कारण पूरी रात लोग गर्मी की समस्या से बिलबिला गए। इस दौरान गुस्साए लोगों ने एनआरआई सिटी में चल रहे बिल्डर के प्रोजेक्ट स्काई बंगलों का काम रुकवाने के साथ ही प्रदर्शन कर नारेबाजी भी की। उन्होंने बिल्डर पर आरोप लगाते हुए बताया कि पैसा देने के बाद भी बिल्डर द्वारा बिजली, पार्किंग, बाउंड्रीवाल और बिल्डिंग मेंटेनेंस की सुविधा नहीं दी जा रही है। लोगों का कहना था कि एनआरआई हाइट्स में हंड्रेड परसेंट पॉवर बैकअप देने का बिल्डर ने वायदा किया था इसके बाद भी उसे पूरा नहीं किया जिसके फल स्वरूप उन्हें बिजली की वजह से ही इस भीषण गर्मी में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# यूट्यूब से लिया आइडिया और छापने लगा नकली नोट, अरेस्ट

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे से पुलिस ने नकली नोट छापने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म यूट्यूब से नकली पैसे छापना सिखा था। फिलहाल पुलिस को आरोपी के पास से 2 लाख से ज्यादा नकली नोट मिले हैं। पुलिस की टीम आगे की जांच में जुटी है। मामला रायगढ़ का है। महाराष्ट्र पुलिस ने पनवेल तालुका से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। युवक का नाम प्रफुल्ल गोविंद पाटिल है, जिसकी उम्र 26 साल है। प्रफुल्ल पाटिल नवी मुंबई के तलोजा इलाके में रहता था। वह नौंवी क्लास तक पढ़ा है, जो कि नौंवी में फेल हो चुका था। पुलिस के मुताबिक, उन्हें नकली नोट छापने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।प्रफुल्ल पाटिल ने नकली नोट छापने के लिए यूट्यूब से जानकारी ली थी। इसके बाद उसने कंप्यूटर और प्रिंटर की मदद से ये नोट छापे थे। प्रफुल्ल पाटिल के पास से अब तक 10, 20, 50, 100 और 200 रुपये के कुल 1443 नकली नोट जब्त किए गए हैं। वह पिछले चार महीने से ये नकली नोट छाप रहा था। अब तक वह लाखों रुपए के नोट पेश कर चुके हैं। इस बात की जांच चल रही है कि कितने नोट चलन में लाए गए हैं।






**क्या बताया प्रफुल ने?**

इस दौरान आरोपी प्रफुल्ल पाटिल ने पुलिस को बताया कि वह आर्थिक समस्याओं के कारण कई दिनों से अपने परिवार से अलग रह रहे था। इसलिए उन्होंने उन नोटों को छापना शुरू कर दिया। उसने कुछ नोट्स का इस्तेमाल भी किया है। इसी क्रम में उसने नकली नोट एक दुकान पर चलाया था। वहीं, दुकानदार को प्रफुल्ल की ओर से दिए गए नोट पर शक हुआ तो उसने पुलिस को कॉल कर मामले की सूचना दी,जिसके बाद पुलिस ने प्रफुल को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया है ।



अभिनेता, पूर्व सांसद गोविंदा आहूजा, शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होने के बाद चुनाव में रैलियों में हिस्सा लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात कर देश के चुनावी माहौल पर चर्चा किये, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रचार में भी शामिल हुए, आगामी 20 मई के चुनाव में शिवसेना व भाजपा के लिए वोट करने के लिए अनुरोध किए।



शुक्रवार दिनांक 17 मई को शिवाजी पार्क में शाम 5 बजे महायुती की जाहीर सभा संपन्न हो गयी। प्रमुख वक्ते पंतप्रधान नरेंद्र मोदीं महाराष्ट्र मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री अजित पवार मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे आर पी आय अध्यक्ष रामदास आठवले उपस्थित थे।

## सनकी पति ने की इंसानियत की सारी सीमा पर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक सनकी पति की सनक इस कदर बढ़ गई कि उसकी करतूत सुनकर हर कोई हैरान रह गया। पिंपरी-चिंचवड़ में पति ने पत्नी पर शक के कारण उसके प्राइवेट पार्ट्स में ताला लगा दिया। नेपाल के रहने वाले युवक पर आरोप है कि उसने अपनी 28 साल की पत्नी के प्राइवेट पार्ट्स पर छेद किया और फिर उसमें दो कीलें ठोंककर ताला लगा दिया। ताला लगाने के लिए उसने पीतल का ताला खरीदा और उसे पत्नी के प्राइवेट पार्ट्स में लगा दिया। कथित तौर पर पति को अपनी पत्नी का किसी और के साथ अफेयर होने के कारण उसने पत्नी के प्राइवेट पार्ट्स को पहले ब्लेट से काटा फिर उसमें ताला लगा दिया। युवक नेपाल का रहने वाला है। किसी दूसरे शख्स से अफेयर का शक होने के कारण युवक ने पहले अपनी पत्नी को खूब पीटा फिर अपनी सनकीपने में हैरान करने वाली करतूत की। पत्नी दर्द से कराहती रही लेकिन पति पर इसका जरा भी फर्क नहीं पड़ा। सनकी पति से हर बात पर पत्नी का विवाद हुआ करता था। पति को उस पर शक था कि महिला का किसी और व्यक्ति के साथ अफेयर है। इस कारण वह आए दिन पत्नी को पीटता रहता था। 11 मई को तो उसने इंसानियत की सारी सीमा लांघ दी। पति की सनक इस कदर बढ़ गई की उसने क्रूरता पार कर दिया। पत्नी के प्राइवेट पार्ट्स में दो लोहे की कील ठोंक दी, फिर वहां पीतल का ताला लगा दिया। इस बीच पत्नी खून से लतपथ हो गई और कराहती रही, लेकिन पति को उसकी करतूत का कोई भी असर नहीं पड़ा। सनकी पति की हैवानियत से परेशान पत्नी ने पति के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खून से लतपथ महिला को उसके परिवार के लोग अस्पताल लेकर गए, जहां उसका इलाज चल रहा है।



## डबल सुसाइड से कांदिवली में मातम

**कांदिवली।** डबल सुसाइड की घटना से कांदिवली इलाके में मातम पसरा हुआ है। 61 साल के एक पति ने अपनी 57 साल की पत्नी के साथ आत्महत्या कर ली। इस दोहरी आत्महत्या के पीछे का अधिकारिक कारण तो पता नहीं चल सका है, लेकिन कहा जा रहा है कि आर्थिक तंगी के कारण मानसिक अवसाद के चलते उन्होंने आत्महत्या की है। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा है कि दंपति ने अपनी मर्जी से खुदकुशी की है। मृतक प्रमोद वासुदेव चोंकर और अर्पिता प्रमोद चोंकर है कांदिवली के आर्य चाणक्य नगर, अनुभूति सोसायटी में रहते थे। पुलिस ने बताया कि इस दोहरे आत्महत्या का खुलासा तब हुआ जब उनके फ्लैट से बदबू आने लगी। प्रमोद चोंकर और पत्नी अर्पिता की कोई संतान नहीं थी वे दोनों एकाकी जीवन जीते थे। पिछले दो-तीन दिनों से वह स्थानीय निवासियों को नजर नहीं आ रहे थे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**अबू सलेम को जान का खतरा!**

1993 मुंबई ब्लास्ट मामले के आरोपी अबू सलेम को अपनी जान का डर सता रहा है। उसने आशंका जताई है कि अगर उसे तलोजा जेल से दूसरी जेल में शिफ्ट किया जाएगा तो इसी बहाने उसका एनकाउंटर हो सकता है। उसकी गाड़ी का एक्सीडेंट हो सकता है। इतना ही नहीं उसने याचिका के जरिए कोर्ट से इस तरह की शिफ्टिंग की अनुमति न देने का अनुरोध किया है। सुनवाई के अंत में विशेष अदालत ने तलोजा जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि अगले निर्देश तक अबू सलेम को तलोजा जेल से शिफ्ट न किया जाए। अबू सलेम का पुर्तगाल से प्रत्यर्पण किया गया था, सलेम के प्रत्यर्पण के वक्त भारत सरकार ने पुर्तगाल को उसकी जान की सुरक्षा की गारंटी दी थी। ऐसे में एक जेल से दूसरे जेल ले जाने के दौरान अगर उसे अपनी जान जाने का खतरा लगता है तो उसे कोर्ट और सरकार को गंभीरता से लेना पड़ता है। उसने विशेष अदालत में याचिका दायर कर मांग की है कि उसे तलोजा से दूसरे जेल में ट्रांसफर न किया जाए। कोर्ट ने इस संबंध में तलोजा जेल के अधीक्षक से जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 28 मई को तय की गई है। कोर्ट ने तलोजा जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि अगले आदेश तक अबू सलेम को किसी दूसरी जेल में शिफ्ट न किया जाए। पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद अबू सलेम को आर्थर रोड जेल में बंद कर दिया गया था। मुस्तफा डोसा पर हमला होने के बाद उसे तलोजा जेल में रखा गया है। 19 साल पहले भारत प्रत्यर्पित किए जाने के बाद से अबू सलेम जेल में है।

**पांचवें चरण का मतदान आज**

राज्य में अंतिम दौर के मतदान में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महाविकास आघाडी गठबंधन के बीच है। महायुति गठबंधन में शिवसेना, भाजपा और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं जबकि महाविकास आघाडी गठबंधन में शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा-शरदचंद्र पवार शामिल हैं।

**चुनावी माहौल में गर्मी की मार**

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह से टमाटर और हरी मिर्च की कीमत में बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार को टमाटर 30 रुपए और हरी मिर्च 60 रुपए प्रति किलो बिक रही थी। अप्रैल और मई में गर्मी के कारण उपलब्ध कम पानी की वजह से खेतों में उगाई गई सब्जियों में फल आना कम हो गया है। दहिसर सब्जी बाजार के खुदरा विक्रेताओं ने कहा कि जो टमाटर पिछले सप्ताह 20 रुपए प्रति किलोग्राम पर बेचा जा रहा था, वह अब आवक में गिरावट के कारण 30 रुपए में बेचा जा रहा है। सिर्फ बड़े शहरों में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी मिर्च और टमाटर के दाम बढ़ रहे हैं। पानी की कमी के कारण कुछ किसानों ने मिर्च के साथ-साथ टमाटर के खेतों को उखाड़कर जमीन जोत दी। परिणामस्वरूप, बाजार में आवक कम हो गई है और कीमतें बढ़ रही हैं। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक अप्रैल और मई में गर्मी के कारण टमाटर की खेती पर असर पड़ा है। सब्जी मंडी में सिर्फ मिर्च, टमाटर ही नहीं, बल्कि अन्य सब्जियों के दाम भी बढ़ रहे हैं। अगले कुछ दिनों तक टमाटर और अन्य सब्जियां महंगी रहने की संभावना अधिक है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक नकुल हारवाडीकर ने कहा कि इस साल अप्रैल में कई बार लू की लहरें आईं। इसके परिणामस्वरूप फसलों पर असर पड़ा और फसलों में लगे फूल झड़ गए। दूसरी तरफ खेती में किसानों का आय से खर्च अधिक हो रहा था, ऐसे में उन्हें खेती छोड़नी पड़ी। इसलिए सब्जियां कम पैदा हो रही हैं।

**अजित पवार का रोना बेमानी है...**

शरद पवार ने कहा, अजित अपनी भावनाएं अब व्यक्त कर रहे हैं और कह रहे हैं कि मेरे साथ अन्याय हुआ है। वे कह रहे हैं मैं शरद पवार के घर में पैदा नहीं हुआ हूं। लेकिन परिवार के मुखिया के तौर पर बेटी सुप्रिया और भतीजे अजित में कभी फर्क नहीं किया। पार्टी ने अजित पवार को क्या कुछ नहीं दिया? उन्हें उपमुख्यमंत्री, मंत्री, विपक्ष के नेता जैसे विभिन्न पद दिए गए। सुप्रिया सुले चार बार लोकसभा के लिए चुनी जा चुकी हैं। उनका दायरा लोकसभा तक ही सीमित था। अजित के पास विधायक दल के नेता के तौर पर राज्य के सूत्र थे। इतना सब कुछ होने के बावजूद वो कहते हैं कि मुझे पार्टी में काम करने का मौका नहीं मिला, अजित का ऐसा रोना बेमानी है।

### आईएमएस-बीएचयू की जांच में खुलासा, मोबाइल पर ही पूछे गए सवाल

# को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली रिपोर्ट पर शोध अधूरा, पर्याप्त तथ्यों का ध्यान नहीं

*बीएचयू के जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती का को-वैक्सीन पर शोध विवादों में घिर गया है। बीएचयू की चार सदस्यीय जांच कमेटी ने ही शोध को आधा अधूरा बताया है। आईसीएमआर ने आपत्ति जताते हुए नोटिस जारी किया।*

मुंबई हलचल / वाराणसी

इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईएमएस) बीएचयू के प्रोफेसर और जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती का को-वैक्सीन पर शोध विवादों में घिर गया है। बीएचयू की चार सदस्यीय जांच कमेटी ने ही शोध को आधा अधूरा बताया है। कमेटी की प्रारंभिक जांच में ही शोध सवालों के घेरे में आ गया। शोध में जरूरी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है। किसी का एंटीबॉडी टेस्ट नहीं कराया गया। मोबाइल फोन की मदद से ही को-वैक्सीन लगवाने वालों से नुकसान पूछे गए, जो किसी भी शोध की गुणवत्ता के लिए ठीक नहीं है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही आईएमएस के निदेशक को सौंपी जाएगी। विभागाध्यक्ष ने को-वैक्सीन पर शोध और उसके दुष्प्रभाव का पेपर प्रकाशित किया। दस से ज्यादा विभागों को शामिल करके कहा कि को-वैक्सीन लगवाने वाले किशोरों के बाल झड़ रहे हैं। त्वचा रोग का मामला भी सामने आया है।

- आईएमएस के निदेशक को जल्द सौंपेंगे रिपोर्ट
- शोध पुराना, अभी सार्वजनिक किया जाना जांच का विषय
- बीएचयू की छवि धूमिल करने का आरोप







### शोध रिपोर्ट के समय पर उठे सवाल

*लोकसभा चुनाव के बीच को-वैक्सीन की शोध रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने पर सवाल उठाए हैं। आईएमएस बीएचयू के चिकित्सकों का कहना है कि शोध पुराना है, फिर चुनाव के बीच मीडिया को क्यों दिया गया, यह जांच का विषय है। आधी-अधूरी रिपोर्ट के सार्वजनिक किए जाने की पीछे की मंशा ठीक नहीं लग रही।*

### कोविड के नए वैरिएंट 'फ्लिर्ट' ने बढ़ाई मुसीबत



*वॉशिंगटन। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों अपशिष्ट जल में कोरोना के नए वैरिएंट का एक नया सेट देखा गया है, जिसे फ्लिर्ट नाम दिया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर सहित कई देशों में इस नए वैरिएंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। तेजी से बढ़ते संक्रमण के चलते सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बार फिर से सभी लोगों से मास्क पहनने की अपील की है।*

### परिषद ने जताई आपत्ति, नोटिस भेज मांगा जवाब

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने वैज्ञानिकों के शोध पर कड़ी आपत्ति जताई है। परिषद ने अध्ययन करने वाले बीएचयू के दो विज्ञानियों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। इसमें कहा गया है कि परिषद किसी भी रूप में इस अध्ययन या इसकी रिपोर्ट से नहीं जुड़ा है। अध्ययन करने वालों से पूछा गया है कि क्यों न इस मामले में उनके विरुद्ध कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

### शोध में 10 विभागों का जिक्र

*दुष्प्रभाव वाले शोध में जीरियाट्रिक मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग और आईएमएस बीएचयू के करीब दस विभागों का जिक्र है। शोध कार्य पूरा होने के बाद उसके रिसर्च जर्नल्स को प्रकाशन के लिए 30 मई 2022 को संबंधित संस्था में रिसीव हुआ। 17 जुलाई 2022 को उसको स्वीकार किया गया, जबकि 20 जुलाई को प्रकाशन हुआ। शोध रिपोर्ट में को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली जानकारी आईएमएस बीएचयू निदेशक तो हुई तो उन्होंने इसकी सत्यता की जांच करवाने का निर्णय लिया।*

### भारत से विस्फोटक लेकर इजराइल जा रहा जहाज

# स्पेन ने नहीं दी रुकने की इजाजत, कहा मिडिल ईस्ट को हथियार के खेप की नहीं शांति की जरूरत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

स्पेन ने भारत से विस्फोटक लेकर इजराइल जा रहे एक जहाज को अपने पोर्ट पर रुकने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। डेनमार्क का झंडा लगा ये जहाज चेन्नई से इजराइल के हाइफा पोर्ट जा रहा था। स्पेन के विदेश मंत्री जोश मैनुएल अल्बारेज ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्री अल्बारेज ने ब्रूसेल्स में पत्रकारों से कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि हथियारों की खेप ले जा रहा एक जहाज स्पेन के पोर्ट पर ठहरना चाहता है। जिसे ठहरने की अनुमति नहीं दी गई। अल्बारेज ने कहा कि मिडिल ईस्ट को और हथियारों की




जरूरत नहीं है। वहां शांति की जरूरत है। उन्होंने जहाज को लेकर ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस जहाज पर करीब 27 टन विस्फोटक मौजूद है। यह चेन्नई पोर्ट से इजराइल के हाइफा पोर्ट पर जा रहा है। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुयेंते ने बताया कि 'मैरिएन डेनिका' नाम के एक जहाज ने 21 मई को स्पेन के दक्षिण पूर्व काताजीना पोर्ट पर रुकने की अनुमति मांगी थी। इससे पहले भी एक जहाज स्पेन के काताजीना पोर्ट पर रुका था। इसका नाम 'बोरकम' है। स्पेन में सत्तारूढ़ सोशलिस्ट पार्टी की सहयोगी अति वामपंथी 'समर पार्टी' ने इस पर आपत्ति जताई थी।

### अमेरिका ने पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की

# विश्व में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र कोई नहीं, भारत के साथ हमारा रिश्ता बेहद करीबी


*जॉन किर्बी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम भारतीय लोगों की वोट देने की उनकी क्षमता और उनकी भावी सरकार में आवाज उठाने की क्षमता की सराहना करते हैं।*

- भारत-अमेरिका ने इंडो-पैसिफिक क्वाड का विस्तार किया
- दोनों देश नई प्रौद्योगिकियों पर मिलकर काम कर रहे
- दोनों देशों की सेनाएं भी कई युद्ध अभ्यास में हिस्सा ले चुकी
- संबंध लगातार घनिष्ठ हो रहे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। हम भारतीय लोगों की वोट देने की उनकी क्षमता और उनकी भावी सरकार में आवाज उठाने की क्षमता की सराहना करते हैं।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निश्चित रूप से हम पूरी मतदान प्रक्रिया के दौरान उनके (भारत) अच्छे होने की कामना करते हैं। जॉन किर्बी चल रहे भारतीय चुनावों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत में 96 करोड़ लोग वोटिंग प्रक्रिया का हिस्सा बन रहे हैं, जो 2,660 रजिस्टर्ड पार्टियों के कैंडिडेट को चुनने वाले हैं। भारतीय हजारों उम्मीदवारों में से 545 संसद सदस्यों का चुनाव चुनाव करने के लिए दस लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग प्रशंसनीय हैं।



### भारत, ब्रिटेन ने 'रोडमैप 2030' की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा की दो दिवसीय लंदन यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन 'रोडमैप 2030' की व्यापक समीक्षा की गई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों पक्ष व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमत हुए। भारत और ब्रिटेन के बीच विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के 16वें दौर में भाग लेने के लिए विदेश सचिव ने 16 से 17 मई तक लंदन का दौरा किया। भारत और ब्रिटेन ने व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करने के लिए 2021 में 10 वर्षीय 'रोडमैप' अपनाया था। एफओसी में, विदेश सचिव ने ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में स्थायी अवर सचिव सर फिलिप बार्टन के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं और परस्पर हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि विदेश सचिव और (ब्रिटेन के) स्थायी अवर सचिव ने रोडमैप 2030 की विस्तृत समीक्षा की।

### पीएम मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी

*किर्बी ने कहा कि आपने इसे राजकीय दौरे (अंतिम दौरे) पर देखा था। हमने सभी प्रकार की नई पहलें शुरू कीं, महत्वपूर्ण नई प्रौद्योगिकियों पर एक साथ काम कर रहे हैं। हमने और इंडो-पैसिफिक क्वाड की प्रासंगिकता को बढ़ाया और विस्तारित किया, जिसका भारत एक हिस्सा है। दोनों देशों की सेनाएं भी कई युद्ध अभ्यास में हिस्सा ले चुकी हैं। यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय साझेदारी है। इसके लिए हम पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी हैं।*

#### भारत से संबंध घनिष्ठ हो रहे

जॉन किर्बी ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत विशेष रूप से बाइडेन प्रशासन के पिछले तीन वर्षों के दौरान मजबूत हुए हैं। भारत के साथ हमारा रिश्ता बेहद करीबी है और लगातार घनिष्ठ होता जा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडेन पीएम नरेंद्र मोदी के साथ दोस्ती और गहरी करना चाहते हैं।

### पीएम ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं


**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी। मोदी ने कहा कि धनखड़ हमेशा नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करते हैं।



पूर्व पीएम देवेगौड़ा के जुनून की सराहना करते हुए कहा कि देश के प्रति उनकी सेवा के लिए सभी राजनीतिक वर्ग में उनका सम्मान है। कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति उनका जुनून उल्लेखनीय है। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

### राजभवन में छेड़छाड़ का मामला

# पुलिस ने तीन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर



मुंबई हलचल / कोलकाता

राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को कथित तौर पर गलत तरीके से रोकने के आरोप में राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

#### महिला का आरोप

*पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला को 2 मई को गलत तरीके से रोककर राजभवन छोड़ने से रोकने के लिए तीन अधिकारियों को एफआईआर में शामिल किया गया है। हम उस शाम उनकी भूमिका की जांच करेंगे। 2 मई को महिला ने बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की थी। संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत, किसी राज्यपाल के खिलाफ उसके कार्यकाल के दौरान कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है।*

### खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों का उपयोग

# केंद्र व एफएसएसएआई से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग व अत्यधिक उपयोग के संबंध में याचिका पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रसायनों के अत्यधिक उपयोग को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जवाब मांगा। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने पर्यावरणविद् और वकील आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर याचिका में उठाए गए मुद्दों पर विचार करने के लिए सहमत हुए। याचिका में कहा गया कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्रमुख कारण बन गया है। सीजेआई ने कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे।



# स्वाति मालीवाल पर मारपीट के मामले पर सीएम धामी ने तोड़ी चुप्पी, आम आदमी पार्टी पर लगाया बड़ा आरोप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार को गिनाते-गिनाते आम आदमी पार्टी सत्ता में आई, अब उसका भ्रष्टाचार कांग्रेस से ज्यादा हो गया है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में स्कूल से अधिक शराब के ठेके खोलने का काम किया। उन्होंने कहा कि पंजाब में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं और दिल्ली में गलबहियां कर रही हैं। ये दोनों पार्टियां एक-दूसरे को ठगने का काम कर रही हैं। जो एक-दूसरे के सगे नहीं, उन पर कौन भरोसा करेगा। भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को दिल्ली में भाजपा प्रत्याशियों बांसुरी स्वराज, प्रवीण खंडेलवाल और कमलजीत सेहरावत के समर्थन में रामजस ग्राउंड व पश्चिमी दिल्ली में जनसभा एवं प्रीतमपुरा में रोड शो के दौरान कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को जमकर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महिलाओं का किस तरह अपमान हो रहा है, यह सबने देखा है। महिला सांसद को ही जब लात-घूंसे मारे जा रहे हैं तो आम आदमी का क्या हाल होगा।

**धामी ने कांग्रेस पर साधा निशाना**



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में जल, जमीन और गगन में घोटाले किए। विपक्ष के गठबंधन को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस व गठबंधन के लोग आपका अधिकार छीनकर अपने चहेते वोट बैंक को देना चाहते हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों का आह्वान किया कि वे वोट की चोट से इन दलों को बेनकाब करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समर्पित भाव से अपना एक-एक पल भारत मां को समर्पित कर रहे हैं। समूचा भारत उनका परिवार है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्ष में विकास के नए प्रतिमान गढ़े हैं। भारत का मान, सम्मान व स्वाभिमान विश्व में बढ़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न निर्णयों, कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का भी विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में सांस्कृतिक जागरण का नया कालखंड आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बीते 10 वर्षों में उत्तराखंड की समस्याओं का समाधान किया है। उनके मार्गदर्शन में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लेने के साथ ही ऐतिहासिक काम राज्य में हुए हैं। दिल्लीवासियों के उत्साह से साफ है कि वे यहां की सभी सात सीटों को भाजपा को सौंपने जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश की कमान सौंपने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से सफल बनाए। मुख्यमंत्री ने चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत संगठनात्मक बैठक में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें हमने बढ़ते तापमान से लडना है। जनता को अधिक से अधिक मताधिकार के लिए जागरूक करना है।

---

## रिलायंस इस सुविधा से बड़ी हिस्सेदारी पाना चाहती है

# सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की एटीएफ पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है रिलायंस


मुंबई हलचल / नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाहती है कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पाइपलाइन और भंडारण (स्टोरेज) तक पहुंच मिले। इन पाइपलाइन और स्टोरेज का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने पिछले कई साल में किया है। इन का इस्तेमाल वे डिपो और तेल रिफाइनरी से हवाई अड्डों तक विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए करती हैं। रिलायंस इन सुविधाओं तक पहुंच से एशिया के कुछ व्यस्त हवाई अड्डों पर ईंधन कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। देश के कुल विमान ईंधन (एटीएफ) उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है।

- देश के कुल एटीएफ उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 फीसदी

**खास बातें**

- रिलायंस दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद हवाई अड्डे तक पाइपलाइन चाहती है
- दशकों से पीएसयू की पाइपलाइन से हो रही है सप्लाई



### फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम

रिलायंस दिल्ली हवाई अड्डे के बाहर के स्टोरेज डिपो के अलावा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद हवाई अड्डों तक जाने वाली पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा की जाने वाली एटीएफ आपूर्ति की तुलना में फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम है।

### देश का ईंधन बाजार मुक्त है

देश का ईंधन बाजार मुक्त है लेकिन देश के व्यस्त हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति दशकों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा बनाई गई पाइपलाइन से की जाती है।

### पाइपलाइन की पहुंच से लागत में कमी आएगी

नियामक ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और ईंधन की लागत को कम करने के लिए सभी आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति के लिए इन पाइपलाइन तक पहुंच मिलनी चाहिए। पीएनजीआरबी के मसौदे पर रिलायंस ने यह सुझाव दिया है।

### पीएनजीआरबी ने मांगी थी टिप्पणी

पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक भारतीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने पाइपलाइन द्वारा सभी मौजूदा और भविष्य के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति के बारे में नियमों के मसौदे पर टिप्पणियां मांगी है।

### रिलायंस मुंबई हवाई अड्डे पर कर रहा एटीएफ की आपूर्ति

रिलायंस, जो एक दशक से अधिक समय से विशेष रूप से मुंबई के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन तक पहुंच की मांग कर रही है, ने कहा है कि एयरलाइन के लिए पाइपलाइन के दायरे (जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित पाइपलाइन तक तीसरे पक्ष को पहुंच प्रदान करता है) में भंडारण सुविधाओं तथा 'ऑफ साइट' टर्मिनल सुविधाओं तक पंप स्टेशनों को शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि ये एटीएफ आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### एटीएफ की आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा

रिलायंस का कहना है कि इससे यह हवाई अड्डे पर 'ऑन-साइट' भंडारण सुविधाओं के लिए एटीएफ की आपूर्ति और वितरण को एक प्रतिस्पर्धी बाजार को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा उत्पादित 1.71 करोड़ टन एटीएफ में से 82 लाख टन की खपत देश में होती है और बाकी का निर्यात किया जाता है।

# Muscle Pain से छुटकारा दिलाएंगे ये घरेलू नुस्खे



स्ट्रेस और दिनभर काम करने की वजह से बॉडी में पेन होने लगता है। पेन से छुटकारा पाने के लिए कई बार आप दवाइयों का भी सेवन करते होंगे। दवाइयों की बजाय आप कुछ घरेलू चीजों के इस्तेमाल से भी इन बॉडी पेन से छुटकारा पा सकते हैं। जैसे कि...

**अदरक**

बॉडी पेन को दूर करने के लिए अदरक बहुत फायदेमंद होता है। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। शरीर के दर्द को कम करने के लिए 1 कप पानी में 2-3 टुकड़े पानी के उबालें। ठंडा होने के बाद पानी में शहद डालकर इसे सुबह-शाम पिएं। इससे आपको बदन दर्द में काफी राहत मिलेगी।

**दालचीनी**

दालचीनी के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। यह जड़ी बूटी शरीर में दर्द से तुरंत राहत दिलाने में मदद करती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए 1 गिलास गुनगुने पानी में 1 छोटा चम्मच दालचीनी मिलाकर पीएं। आप चाहें तो इसकी प्रॉपर चाय बनाकर भी पी सकते हैं।

**हल्दी**

हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। 1 छोटा चम्मच हल्दी दूध में मिलाकर रोज सोने से पहले पिएं। दिन भर की थकान और बदन दर्द में राहत पाने का यह सबसे पुराना और बढ़िया तरीका है।

**सरसों का तेल**

2 चम्मच सरसों के तेल में लहसुन की 5 कलियों को गर्म कर लें। तेल ठंडा होने के बाद दर्द वाली जगह पर इससे मसाज करें।

**लौंग**

चाय बनाते वक्त 2 से 3 लौंग साथ डाल दें। काली मिर्च और थोड़ा-सा अदरक पीसकर भी साथ डाल दें। शाम के वक्त इस चाय को पीने से दिनभर की थकान से आपको काफी राहत मिलेगी।

**अजवाइन**

गर्दन और पीठ के दर्द से राहत पाने के लिए भुनी हुई अजवाइन की एक पोटली तैयार कर लें। रात को सोने से पहले इस पोटली से दर्द वाली जगह की सिकाई करें। कुछ ही दिनों में आपको दर्द से छुटकारा मिल जाएगा।

# कंटूरिंग मेकअप से आपकी लुक होगी चेंज, फैट फेस भी दिखेगा स्लिम

आजकल हर कोई स्लिम-फिट दिखना चाहता है। जिसके लिए खासतौर पर लड़कियां हर रोज नई तकनीक का इस्तेमाल करना पसंद करती हैं। अब कई लड़कियां वैसे तो पतली होती हैं मगर उनका फेस थोड़ा हेल्दी होता है। ऐसे में आप अपने फेस को स्लिम दिखाने के लिए Contouring Makeup का इस्तेमाल कर सकती हैं। कंटूरिंग मेकअप एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें आप अपने फेस को आसानी से स्लिम लुक दे सकती हैं।



इस तरह करें कंटूरिंग मेकअप...

कंटूरिंग मेकअप करने का सबसे सही तरीका है, कि आप सबसे पहले एक सही बेस के साथ इसकी शुरूआत करें। इसके लिए आपको अपनी स्किन टोन का फाउंडेशन लेना होगा ताकि आपका रंग और साफ लगने लगे।

➤**फाउंडेशन** - सबसे पहले अपनी स्किन के मुताबिक फाउंडेशन चुनें। आंख, गाल और होंठ को उभारने के लिए स्किन टोन फाउंडेशन से चेहरे को बेस दें। फाउंडेशन अप्लाई करने के बाद कंटूरिंग ब्रश की मदद से कंटूरिंग पाउडर या क्रीम को चेहरे पर लगाएं। इसके लिए आप अपनी स्किन टोन से दो या तीन शेड डार्क फाउंडेशन भी इसके लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

➤**ब्रॉन्जर** - अब ब्रॉन्जर की मदद से फाउंडेशन को अच्छे से अप्लाई कर लें। ब्रॉन्जर आपके चेहरे का पतला दिखाने में सबसे अधिक मदद करता है। अगर आप चेहरे को हाईलाइट करना चाहती हैं तो उसके लिए आपको ब्रॉन्ज मैट की आवश्यकता होगी। ब्रॉन्ज हमेशा अपनी स्किन टोन से 1 ये 2 शेड डार्क चुनें ताकि आपके फेस को नेचुरल लुक मिल सके।

➤**ब्रश** - चेहरे के बड़े भागों को छोटा दिखाने के लिए आप फैन ब्रश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहें तो आई शैडो फलफ ब्रश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

कॉन्टूरिंग का एक और महत्वपूर्ण भाग हाईलाइटिंग करना है। जिससे आपके चेहरे पर शानदार ग्लो आएगा। अपने फाउंडेशन के साथ थोड़ा सा हाईलाइटर भी लगाएं, क्योंकि इससे आपकी त्वचा पर चमक आएगी। हाइलाइटिंग करने से आपका चेहरा स्लिम तो दिखेगा ही साथ ही आपकी चिक बोन्स और जॉ लाइन काफी हद तक उभरकर सामने आएगी।

# सिर्फ फेस मास्क नहीं, इन तरीकों से यूज करें चारकोल और पाएं ग्लोइंग स्किन



हमारा वातावरण बहुत प्रदूषित हो चूका है। हवा में गंदगी,धुल,मिट्टी और न जानें कितने बैक्टीरिया पहले से ही मौजूद है। इससे सीधा असर हमारी त्वचा पर पड़ता है। त्वचा को मुहांसे,एक्ने,पिंपल्स और कालापन जैसी परेशानियां सहनी पड़ती है। घरेलू नुस्खा भी कई बार काम नहीं आता। इसलिए चारकोल को अपनी स्किन केयर रूटीन में शामिल करना चाहिए। चलिए आपको चारकोल को सही रूप से इस्तेमाल करने के तरीके बताते है।

## चारकोल सोप

चारकोल सोप को आप रोज इस्तेमाल कर सकती है। नहाते वक़्त इस सोप का यूज करें। यह आपके शरीर पर आयल नहीं जमने देगा। चारकोल से त्वचा ग्लोइंग और बेदाग हो जाती है।

## चारकोल फेशियल स्पंज

फेशियल बहुत प्रकार के होते है पर चारकोल फेशियल स्पंज के साथ आप अपनी स्किन पर पहली परत को निकाल कर चेहरे पर निखार ला सकती है।

## चारकोल बॉडी क्ले

चारकोल क्ले पूरी बॉडी पर इस्तेमाल किया जा सकता है। यह गंदी परत को सोख लेता है और स्किन दमकना शुरू हो जाती है।

## चारकोल पोर स्ट्रिप

ब्लैकहेड से हर कोई परेशान होता है। इसे आसानी से निकालने के लिए इस स्ट्रिप का इस्तेमाल कर सकते है।

चारकोल टिश्यू से चेहरा पोंछें

मेकअप रिमूव करने के लिए आप चारकोल टिश्यू की मदद लें। वेट टिश्यू की जगह आप इन चारकोल टिश्यू का इस्तेमाल करें।

## चारकोल एक्टीवेटेड क्लींजर

लड़कें और लड़कियां दोनों इसका इस्तेमाल कर सकती है।यह बेसिक क्लीन्जर की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है।

## चारकोल शैम्पू

बालों में सबसे ज्यादा गंदगी होती है। स्कैल्प पर चारकोल शैम्पू का इस्तेमाल करने से मौजूद गंदगी अच्छी तरह से साफ हो जाएगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# फिर लौट रहे हंसल मेहता

हंसल मेहता की 'स्कैम' फ्रैंचाइजी के दोनों सीजन हिट साबित हुए हैं। 'स्कैम 1992' और 'स्कैम 2003' के बाद अब इस शो का तीसरा सीजन अनाउंस कर दिया गया है। हंसल मेहता और अप्लॉज एंटरटेनमेंट इस बार सुब्रत रॉय सहारा की कहानी लेकर आ रहे हैं। 'स्मैन' के तीसरे सीजन का टाइटल 'स्कैम 2010 : द सुब्रत रॉय सागा' होगा। हंसल मेहता ने सोशल मीडिया पर 'स्कैम 2010' का अनाउंसमेंट टीजर भी शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने की तीसरे सीजन को वह फिर से खुद निर्देशित करने वाले हैं। टीजर शेयर करते हुए हंसल मेहता ने लिखा, Sc3m वापस आ गया है! स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा, जल्द ही सोनी लिव पर आ रहा है। 'स्कैम 2010' तमल बंद्योपाध्याय की किताब 'सहारा : द अनटोल्ड स्टोरी' पर आधारित होगी। सुब्रत रॉय, सहारा समूह के संस्थापक थे। सहारा का कारोबार चिटफंड से लेकर हवाई जहाज और टीम इंडिया की स्पॉन्सरशिप से लेकर न्यूज मीडिया तक फैला हुआ था। बता दें 'स्कैम 1992' में हर्षद मेहता की कहानी दिखाई गई थी। इसमें प्रतीक गांधी ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं दूसरे सीजन 'स्कैम 2003' में अब्दुल करीम तेलगी की कहानी दिखाई गई थी। इसमें स्टाम्प पेपर घोटाले की कहानी दिखाई गई।






# धोनी और साक्षी को मिस्टर एंड मिसेज माही दिखाना चाहती हैं जाह्नवी

*करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक क्रिकेटर की भूमिका निभाती नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसे दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। जाह्नवी कपूर इन दिनों इस फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में एक इवेंट में जाह्नवी और राजकुमार राव से पूछा गया कि क्या वो यह फिल्म महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी धोनी को दिखाएंगे? इसपर जाह्नवी ने कहा, 'जाहिर तौर पर हम उन्हें यह फिल्म दिखाना चाहते हैं, लेकिन वो काफी बिजी हैं।' जाह्नवी कपूर ने कहा, हम सभी धोनी के फैन हैं। उन्होंने हमारे देश के लिए बहुत कुछ किया है। मैं यह कहना चाहूंगी कि सिर्फ क्रिकेटर होने के नाते* हम उनसे प्यार नहीं करते हैं। उनका मिजाज, उनके उसूल और वो जिस तरह के इंसान हैं, उनका यह पूरा व्यक्तित्व मुझे बहुत पसंद है। हम उन्हें और उनकी वाइफ साक्षी धोनी को यह फिल्म दिखाना चाहते हैं। राजकुमार राव ने कहा, पूरी दुनिया धोनी की फैन है। धोनी बहुत बड़े लीजेंड पर्सन हैं। लेकिन जिस तरह से वह टीम को लीड करते हैं, वह तारीफ के काबिल है। धोनी बहुत डाउन टू अर्थ और हंबल इंसान हैं। हमें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके अंदर किसी भी हालात से डील करने की अच्छी समझ है। वहीं जाह्नवी ने फिल्म से महेंद्र सिंह धोनी से खास कनेक्शन के बारे में बात करते हुए कहा, मैं एक फन फैक्ट आपको बताना चाहूंगी कि एक इंटरव्यू में धोनी कहा था कि 'नतीजे के बारे में नहीं है, प्रोसेस के बारे में हैं। अगर आप प्रोसेस में ईमानदारी दिखाओंगे, मेहनत करोंगे तो नतीजा अपने आप दिख जाएगा। फिर अगर रिजल्ट ना भी दिखे तो फर्क नहीं पड़ेगा।' तो यह पूरी फिल्म है वो उस एक धोनी की लाइन पर बनी है।



# दीपिका के नाम दर्ज हुई एक और उपलब्धि

भारत की ग्लोबल एंबेसडर और आइकॉन दीपिका पादुकोण को हाल ही में एक प्रेस्टिज इंटरनेशनल पब्लिकेशन द्वारा 2024 के मूवर्स एंड शेकर्स वर्ग के लिए डिसरप्टर्स के रूप में ईवा लोंगोरिया, उमा थुरमन और ली सुंग जिन के साथ सम्मानित किया गया है। यह बड़ा सम्मान दीपिका को उन प्रभावशाली लोगों के खास ग्रुप में शामिल करता है, जो एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को बदल रहे हैं। उन्हें उन शख्सियतों में से एक माना जा रहा है, जो ग्लोबल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देंगे। दीपिका ग्लोबल डिसरप्टर्स लिस्ट में मौजूद एकमात्र इंडियन स्टार हैं, जो वर्ल्ड स्टेज पर एक ट्रेंडसेटर के रूप में उनके पोजीशन को कन्फर्म करता है। दीपिका पादुकोण को इस मौके पर 'रैकेट टू रॉकेट : इंडिया की सरप्राइज सुपरस्टार जो हर बाधाओं और वर्जनाओं को तोड़ने के मिशन पर हैं' के रूप में इंट्रोड्यूस किया गया। जैसा कि बताया गया है, दीपिका ने लगातार दो सालों तक भारत के बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़े हैं। पिछले कुछ सालों में, उन्होंने लगातार दुनिया के कुछ सबसे प्रमुख प्लेटफॉर्म पर इंडिया को रिप्रेजेंट किया है। दीपिका का बॉलीवुड से लेकर ग्लोबल सुपरस्टार बनने तक का सफ़र कई माइलस्टोन से भरा हुआ है। दीपिका ऑस्कर और बाफ्टा में एक प्रेजेंटर के रूप में स्टेज पर दिखाई दे चुकी हैं, उन्होंने कान फिल्म फेस्टिवल में जूरी मेंबर के रूप में काम किया है, और टाइम मैगजीन के कवर स्टार के रूप में फीचर हो चुकी हैं, जो उनके कई रिमार्केबल मोमेंट्स में से एक हैं।



# तीसरी बार टली कंगना स्टारर 'इमरजेंसी' की रिलीज

कंगना रनोट की अगली फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज डेट फिर एक बार टल गई है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अनाउंसमेंट करते हुए यह जानकारी दी। मेकर्स ने लिखा, 'चूंकि कंगना इन दिनों देश सेवा में व्यस्त हैं ऐसे में हम फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट आगे बढ़ा रहे हैं। हम जल्द ही आपको इस बारे में अधिक जानकारी देंगे।' बता दें कि इससे पहले यह फिल्म पिछले साल 24 नवंबर और फिर इस साल 14 जून को रिलीज होने वाली थी। कंगना इन दिनों अपना पूरा वक्त चुनाव प्रचार को ही दे रही हैं। वो लोकसभा चुनाव 2024 में मंडी जिले से BJP प्रत्याशी हैं। ऐसे में वो इस फिल्म के प्रमोशन पर अपना वक्त नहीं दे पा रही हैं। इमरजेंसी में कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपडे, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमण जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।